राज्यपाल सचिवालय
राज भवन , जयपुर

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस में ऑनलाइन उपस्थित रहे राज्यपाल

वैश्विक बदलावों के अनुकूल शैक्षिक नवाचारों को बढ़ावा दिया जाए – राज्यपाल

जयपुर, 7 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने वैश्विक स्तर पर हो रहे बदलाव के अनुकूल शिक्षा पद्धति का विकास करने के लिए शैक्षिक नवाचारों को बढ़ावा देने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में सर्वाधिक महत्व इनोवेशन का है, इससे शिक्षा को व्यवसायोन्मुख बनाकर विद्यार्थियों के साथ–साथ देश के भविष्य को भी नई ऊंचाई दी जा सकती है।

राज्यपाल श्री मिश्र महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में माउंट आबू स्थित राजभवन से ऑनलाइन सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा को युगानुकूल बनाने के लिए सामाजिक, औद्योगिक और तकनीकी बदलावों को समाहित करते हुए शैक्षिक नवाचारों को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि छात्राओं को अवसर मिलें तो वे आकाश छू सकती हैं। उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा परिणाम में सर्वोच्च तीन स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने बालिका शिक्षा के लिए बेहतर परिवेश और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने पर बल दिया ताकि छात्राएं शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे बढ़कर देश और समाज का नाम रोशन कर सकें।

राज्यपाल ने कहा कि जो समाज शिक्षित होता है, वही उन्नति करता है, इसलिए बगैर किसी भेदभाव के शिक्षा का सुदूर स्थानों तक प्रसार करने के लिए सभी स्तरों पर निरंतर प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विद्यार्थी के ज्ञान का विस्तार करने के साथ उनकी स्मृति, निर्णय क्षमता एवं सर्जनात्मक क्षमता का विकास करने वाली होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो भारतीय संस्कृति के जीवन मूल्यों से विद्यार्थियों को जोड़कर उनके सर्वांगीण विकास की संवाहक बने।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि विद्यार्थी संविधान प्रदत्त जीवन मूल्यों, मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति आस्थावान बनें, इसके लिए प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों में संविधान पार्क स्थापित करने की पहल की गयी है। उन्होंने कहा कि जयपुर स्थित राजभवन में भी ऐसा संविधान पार्क निर्मित करवाया जा रहा है, जिसमें संविधान निर्माण की भूमिका से लेकर उसे लागू किए जाने की तमाम घटनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

राज्यपाल ने महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्ध महाविद्यालयों में भी दीक्षान्त समारोह आयोजित करवाने की पहल की सराहना की। उन्होंने विश्वविद्यालय में नवनिर्मित इनोवेशन सेंटर और गार्गी कन्या छात्रावास का लोकार्पण भी किया। उन्होंने विश्वविद्यालय न्यूज लेटर के स्थापना दिवस विशेषांक का ऑनलाइन लोकार्पण भी किया।

कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

आरम्भ में राज्यपाल श्री मिश्र ने भारतीय संविधान की उद्देश्यिका और मूल कर्तव्यों का वाचन भी किया।

कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल, कुलसचिव श्री यशपाल आहूजा, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षकगण और विद्यार्थी प्रत्यक्ष एवं ऑनलाइन उपस्थित उपस्थित रहे।

––––––